Regarding restoration of Markandeswar Dham in Maharashtra

**डॉ. नामदेव किरसान (गड़चिरोली-चिमुर) :** सर, मेरे गड़चिरोली-चिमुर संसदीय क्षेत्र में और गड़चिरोली जिले में एक मारकंडेश्वर देवस्थान है । इस मारकंडेश्वर देवस्थान का काम आर्कियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया ने 10 साल पहले अपने हाथ में लिया था, लेकिन अभी तक वह काम पूरा नहीं हुआ है । वह काम बहुत धीमी गति से चल रहा है । यह काम जल्द से जल्द पूरा हो । श्रद्धालुओं की भावनाओं को देखते हुए यह काम जल्द से जल्द पूरा हो । इसके लिए आर्कियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया को निर्देश दिए जाएं कि वह इस काम को जल्द से जल्द पूरा करे । धन्यवाद ।